हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 22 अक्टूबर 2025

11 पुलिस शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह...



12 दीपावली पर दो दिन में व्यापार दोगुना, बाजारों में 100 करोड़ की...






## खबर संक्षेप

### टीम ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए किया जागरूक

**सिरसा।** नगर परिषद सिरसा, डबवाली, नगर पालिका कालांवाली, ऐलनाबाद व रानियां द्वारा त्यौहारी सप्ताह के दौरान जिला के शहरी इलाकों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। टीमें कॉलोनियों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, पार्कों की सफाई में जुटी हुई है।

### महिला पुरस्कारों के लिए 16 दिसंबर को आवेदन

**सिरसा।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 16 दिसंबर तक सिफारिशें आमंत्रित की गई हैं। इन पुरस्कारों के लिए आवेदन के लिए आवेदक अपना संपूर्ण बायोडाटा सहित संबंधित ब्लॉक के महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय में 16 दिसंबर तक जमा करवाएं ताकि आगामी प्रक्रिया की जा सकें।

### परीक्षाओं के लिए 26 तक भरें फॉर्म: विक्रमजीत

**सिरसा।** इग्नू स्टडी सेंटर राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इग्नू की दिसंबर 2025 में होने वाली परीक्षाओं का ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए पोर्टल खुला हुआ है। विद्यार्थी अपने फॉर्म आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं परीक्षा फार्म जमा करने के लिए पोर्टल 26 अक्तूबर 2025 तक बिना लेट फीस के साथ खुला रहेगा।

### महिला सिपाही से अभद्र व्यवहार करने वाला काबू

**सिरसा।** पुलिस ने महिला पुलिसकर्मी से अभद्र व्यवहार करने के मामले में युवक कर्ण सिंह निवासी नेजाडेला कलां, जिला सिरसा को गिरफ्तार किया है। प्रबंधक थाना सिविल लाइन निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला प्रधान सिपाही हरदीप कौर जो दुर्गा शक्ति की ईआरवी नंबर 37 महिला थाना सिरसा में तैनात हैं, ने शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली कि भगत सिंह स्टेडियम के सामने एक युवक शराब पीकर हंगामा कर रहा है। उसने शराब के नशे में न केवल महिला पुलिसकर्मी के साथ बदतमीजी की बल्कि गाली-गलौच भी की।

### श्री विश्वकर्मा धाम में लगाया विशाल भंडारा

**सिरसा।** रानियां रोड स्थित श्री विश्वकर्मा धाम में भगवान विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में भंडारा लगाया गया। श्री विश्वकर्मा धाम के प्रधान बिल्लुराम व वासुदेव ठेकेदार ने बताया कि सर्वप्रथम धाम के पुजारी मनोज शास्त्री ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद भगवान विश्वकर्मा को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि 2011 में श्री विश्वकर्मा धाम की स्थापना की गई थी। साल में दो भंडारे यहां आयोजित किए जाते हैं।

### पुरस्कार के लिए 15 नवंबर तक करें आवेदन

**सिरसा।** केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए दिए जाने वाले प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर है। इन पुरस्कारों के लिए योग्यता रखने वाले आवेदक 15 नवंबर तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

### युवाओं का विदेश पलायन चिंता का विषय: सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में भाजपा सरकार द्वारा थोपी गई बेरोजगारी की महामारी ने प्रदेश के युवाओं को गहरी निराशा और विवशता की स्थिति में ला खड़ा किया है। प्रदेश के नौजवान आज रोजगार के अभाव में कर्ज लेकर, खेत और मकान बेचकर विदेश जाने को मजबूर हैं। प्रदेश के युवाओं को रोजगार और सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है, न कि उन्हें मजबूरी में अपना देश छोड़ने पर विवश करना।

---

## पुलिस शहीदी दिवस पर फतेहाबाद में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

# पुलिस बल के त्याग, समर्पण और अनुकरणीय साहस का प्रतीक पुलिस शहीदी दिवस : एसपी

**शहीदों के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बलिदान को किया याद**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

हिसार रोड स्थित पुलिस लाइन में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने की। उन्होंने हरियाणा के वीर सपूतों सहित समस्त पुलिस शहीदों के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके अमर बलिदान को नमन किया। एसपी जैन ने फतेहाबाद जिले के वीर शहीदों को विशेष रूप से स्मरण किया। उन्होंने 25 जुलाई 1991 को सिरसा में उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए सिपाही महेंद्र सिंह और 22 अप्रैल 2008 को अपराधियों से मुकाबला करते हुए शहीद हुए मुख्य सिपाही साजन्ट को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को मंच पर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन शहीदों का बलिदान पुलिस विभाग ही नहीं, पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।





फतेहाबाद। शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को सम्मानित करते एसपी सिद्धांत जैन। शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते एसपी सिद्धांत जैन।

### पुलिस की बहादुरी के उदाहरणों का उल्लेख किया

समारोह की शुरुआत मौन श्रद्धांजलि और राष्ट्रध्वज को सलामी के साथ की गई, जिसमें जिले भर से सैकड़ों पुलिस अधिकारी एवं जवान सम्मिलित हुए। एसपी ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस कोई साधारण दिन नहीं, बल्कि पुलिस बल के त्याग, समर्पण और अनुकरणीय साहस का प्रतीक है। शहीदों की शहादत अमर है और उनका ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। उन्होंने कहा कि आतंकी घटनाएं, दंगे, प्राकृतिक आपदाएं या महामारी—हर संकट की घड़ी में सबसे पहले पुलिस ही मोर्चा संभालती है, और जनसुरक्षा सुनिश्चित करती है। कोरोना महामारी के दौरान फतेहाबाद पुलिस द्वारा निभाई गई भूमिका इसका ज्वलंत उदाहरण है। एसपी ने फतेहाबाद पुलिस की बहादुरी के उदाहरणों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि टोहाना में पानी में डूबी बस से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना, रतिया में नहर में गिरी कार से चालक को बचाना, और बडोपल हाईवे पर घायल अवस्था में भी अपराधियों से लोहा लेना—इन सभी घटनाओं ने यह साबित किया है कि फतेहाबाद पुलिस हर चुनौती का डटकर सामना करती है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और इसमें निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। पुलिस अधीक्षक ने 1959 की लद्दाख के हॉटस्प्रिंग की घटना को भी याद किया, जहां चीनी सेना के हमले में भारतीय पुलिस के कई जवान शहीद हुए थे। उन्हीं की स्मृति में 21 अक्तूबर को हर साल यह दिवस मनाया जाता है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डीएसपी मुख्यालय एवं क्राइम कुलवंत सिंह, डीएसपी फतेहाबाद जगदीश कुमार, थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा, सदर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह, रतिया थाना प्रभारी रणजीत सिंह, सहित जिले के अनेक वरिष्ठ अधिकारी, थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक रस्मों और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

---

## सिरसा में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

# शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित



एसपी शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

सिरसा पुलिस लाइन में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिरसा के पुलिस अधीक्षक मयंक गुप्ता ने की। उन्होंने हरियाणा के वीर सपूतों सहित समस्त पुलिस शहीदों के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके अमर बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर एसपी गुप्ता ने सिरसा जिले के वीर शहीदों को विशेष रूप से स्मरण किया। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई 2003 को उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए उप निरीक्षक हसराज और 6 दिसम्बर 2004 को अपराधियों से मुकाबला करते हुए शहीद हुए उप निरीक्षक हरनाम सिंह को श्रद्धांजलि दी।

### 1959 में हुई हॉटस्प्रिंग की घटना को याद किया

पुलिस अधीक्षक ने 1959 की लद्दाख के हॉटस्प्रिंग की घटना को भी याद किया, जहां चीनी सेना के हमले में भारतीय पुलिस के कई जवान शहीद हुए थे, उन्हीं की स्मृति में 21 अक्तूबर को हर साल यह दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर एएसपी फैसल खान,डीएसपी हेड क्वार्टर आदर्शदीप, डीएसपी सिरसा राजेश कुमार, थाना शहर प्रभारी संदीप कुमार, सदर थाना प्रभारी सुखदेव सिंह, सिविल लाइन प्रभारी प्रदीप कुमार, रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार, ऐलनाबाद प्रभारी प्रगट सिंह, नाथूसरी चोपटा प्रभारी राधेश्याम सहित जिले के अनेक वरिष्ठ अधिकारी और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

---

# खेल स्पर्धाओं से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता: एसपीओ

## गांव ओढ़ा व जलालआना में क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओढां

नशे को जड़ से खत्म करने में जहां डबवाली पुलिस नशा तस्करों की धरपकड़ में लगातार कामयाबी हासिल कर रही है। वहीं युवाओं को इस सामाजिक बुराई के दुष्परिणामों से अवगत करवाने में भी उत्कृष्ट कार्य कर रही है। इसी अभियान में एक और अध्याय जोड़ते हुए एसपीओ हरगोबिंद ने गांव ओढ़ा व जलालआना में क्रिकेट की खेल प्रतियोगिता करवाकर युवाओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाते हुए खेलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर उनके क्षेत्र में कोई नशा तस्करी या नशा बेचने के सम्बंध में कार्य करता है तो वो नशा से संबंधित शिकायतों के लिए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 पर काल करें।



सिरसा। गांव जलालआना में क्रिकेट टीम को जागरूक करते हुए एसपीओ हरगोबिंद। फोटो : हरिभूमि

### नशा तस्करों और पीड़ितों की सूचना पुलिस को दें

एसपीओ हरगोबिंद ने युवाओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा आमजन नशा तस्करों व नशा पीड़ितों की सूचना देकर उनका इलाज समय से शुरू करवा सकते हैं ताकि वे समाज की मुख्य धारा में जुड़ कर नशा मुक्त अभियान में अपनी भागीदारी निभाएं। अकेला नशा कई बीमारियों व अपराधों को जन्म देता है, इसलिए यह अति आवश्यक है कि युवा इसके दुष्प्रभावों को पहचाने इससे दूर रहें।

---

# स्लम बस्ती में जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां बांटकर मनाई दीपावली

- बच्चों ने शहीदों के समक्ष दीप एवं मोमबत्ती जलाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पूर्ण सोसायटी ने दीपावली का पावन पर्व स्लम बस्ती के जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां बांटकर मनाया। लघुसचिवालय के पास शहीद स्मारक पर एकत्रित किए गए सभी बच्चों ने शहीदों के समक्ष दीप एवं मोमबत्ती जलाकर दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। सोसायटी के प्रेजिडेंट सन्नी बंसल व फतेहाबाद युनिट की प्रेजिटेंड सन्नी बंसल ने बच्चों को त्यौहारों की खुशियों से परिचित करवाया तथा भारी पटाखे ना चलाने की सलाह दी।



फतेहाबाद। स्लम बस्ती के बच्चों को संबोधित करते पायल चक्रवर्ती।

### शिक्षा के लिए किया प्रेरित

*इस अवसर पर पायल चक्रवर्ती ने सभी बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि पूर्ण सोसायटी काफी समय से स्लम बस्ती के बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर उर्मिला नागपाल, महासचिव राजकमल, सचिव हर्ष नागपाल जीव संरक्षण अभियान के संयोजक एवं सचिव विकास नायक, प्रचार सचिव सुदर्शन नरुला, कार्यकारिणी सदस्य पुनित ग्रोवर, प्रवीण नरुला ने अपनी सेवाएं दीं।*

---



सिरसा। अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

## डीपीएस में दो दिवसीय एमयूएन-2025 सम्मेलन का समापन

**सिरसा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, सिरसा में आयोजित दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) सम्मेलन 2025 का समापन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीडीएलयू के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, संवाद-कौशल एवं आत्मविश्वास जैसे गुणों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस उत्कृष्ट आयोजन हेतु साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और उन्हें उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम में प्रोफेसर दयानंद शर्मा ने विद्यार्थियों को संस्कार, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र भावना जैसे गुणों को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैं और ऐसे आयोजन उनके व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। विद्यालय की प्राचार्या डा. रमा दहिया ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में एमयूएन आयोजन समिति, सभी शिक्षकों एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों की क्षमता निर्माण, नेतृत्व विकास और कौशल संवर्धन के लिए ऐसे सृजनात्मक एवं ज्ञानवर्धक आयोजनों का क्रम निरंतर बनाए रखेगा।

---

**डाइट मताना में प्रतियोगिताओं का आयोजन**

# रोल प्ले में जांडली खुर्द और फॉक डांस में अमानी स्कूल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

डाइट मताना में जिला स्तरीय भूमिका निर्वाहन तथा लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फतेहाबाद के सभी खंडों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार प्रस्तुति दी। यह प्रतियोगिता राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की जनसंख्या विभाग के तत्वाधान में डाइट की जिला संसाधन इकाई के तहत आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ डाइट के प्रभारी शेर सिंह ने किया तथा निर्णायक मंडल की भूमिका टेक चंद शर्मा रिटायर्ड प्रिंसिपल, कमलेश बागड़ी व डॉक्टर ईश्वर सिंह ने निभाई।



फतेहाबाद। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते अधिकारी।

### ये रहा परिणाम

*रोल प्ले प्रतियोगिता में गवर्नमेंट हाई स्कूल जांडली खुर्द ने प्रथम स्थान, आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरवरपुर ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूथन कलां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फॉक डांस में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरवरपुर ने द्वितीय तथा पीएम श्री राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी विजेताओं को जिला संसाधन इकाई के मुखिया राकेश मखीजा ने प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया इस अवसर पर आशीष कुमार, आकाशदीप, देवेंद्र, सुनिप, मोनिका जग्गा, विनोद भाम्भू सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।*

---

# दीपावली पर्व की रोशनी और ऊर्जा मन में हमेशा रहनी चाहिए : सुभाष बराला



टोहाना। सांसद सुभाष बराला को दीवाली की बधाई देते क्षेत्रवासी।

**टोहाना।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मंगलवार को अपने आवास पर क्षेत्र के परिवारजनों, पार्टी कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों से भेंट कर दीपों के महापर्व दीपावली त्योहार की खुशियां साझा कीं। काफी संख्या में लोगों ने सांसद बराला से भेंट कर त्योहार की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र के विकास तथा सामाजिक एकजुटता पर सार्थक चर्चा की। राज्यसभा सांसद ने नागरिकों के सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि दीपावली हमें यह याद दिलाती है कि अंधकार पर प्रकाश की विजय निश्चित है, और हमें सदैव आशा और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। दीपावली का पर्व भले ही पूर्ण हो गया है, लेकिन इसकी रोशनी और ऊर्जा हमारे मन में हमेशा रहनी चाहिए। उन्होंने प्रार्थना की कि टोहाना क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे, और हम सभी मिलकर एक स्वस्थ और मजबूत समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

---

# ऑनलाइन शॉपिंग में रहें सावधान खाली हो सकता है बैंक खाता: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

डिजिटल युग में जहां एक क्लिक पर दुनिया खरीद सकते हैं, वहीं एक छोटी सी लापरवाही आपके बैंक खाते को खाली कर सकती है। इस खतरे को भांपते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने साइबर एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उन्होंने आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की है। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि साइबर ठग अब तकनीक का दुरुपयोग कर आम लोगों को ठगने के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। सोशल मीडिया, ओएलएक्स और क्विकर जैसे प्लेटफॉर्म्स पर ये ठग खुद को आर्मी पर्सन या सरकारी कर्मचारी बताकर भरोसा जीतते हैं और फिर एडवांस पेमेंट के नाम पर ठगी कर लेते हैं। उन्होंने चेताया कि यह एक संगठित और तेजी से फैलता साइबर अपराध है, जिससे निपटने का सबसे बड़ा हथियार सिर्फ जागरूकता और सतर्कता है।

### लोगों को सलाह दी



एसपी सिद्धांत जैन।

एसपी जैन ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे किसी भी अज्ञात वेबसाइट, फर्जी लिंक या अविश्वसनीय रूप से सस्ते ऑफर्स से सावधान रहें। ऑनलाइन खरीदारी के लिए केवल वेरिफाइड वेबसाइट्स का ही प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि अपने डेबिट/क्रेडिट कार्ड नंबर, ओटीपी या बैंक डिटेल्स किसी से भी साझा न करें, चाहे सामने वाला कितना भी भरोसेमंद क्यों न लगे। उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में ठग खुद को 'डिलीवरी एजेंट' या 'कस्टमर सर्विस प्रतिनिधि' बताकर कॉल करते हैं और रिफंड या शुल्क के नाम पर यूपीआई लिंक भेजते हैं। ऐसे किसी भी कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें। एसपी ने कहा, कोई भी ई-कॉमर्स कंपनी डिलीवरी या रिटर्न के लिए कभी यूपीआई स्कैन की मांग नहीं करती। यह साफ-साफ साइबर फ्रॉड का संकेत है। साइबर अपराध का शिकार होने की स्थिति में एसपी सिद्धांत जैन ने तुरंत कार्रवाई की सलाह दी है।

---

**जागरूकता** एमएम शिक्षण संस्थान के पर्यावरण स्थिरता प्रबंधन प्रकोष ने किया कार्यक्रम आयोजित

# 'पराली समस्या नहीं, प्रकृति का उपहार एवं कमाई का साधन' लघु नाटिका से ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पराली न जलाने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनोहर मेमोरियल शिक्षण संस्थान फतेहाबाद के पर्यावरण स्थिरता प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय सेवा संघ, जिला प्रशासन व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहयोग से अयाल्की में विशेष अभियान चलाया गया। 'पराली समस्या नहीं, प्रकृति का उपहार एवं कमाई का साधन है' पर विद्यार्थियों द्वारा गांव अयाल्की में एक लघु नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक का उद्देश्य लोगों को यह समझाना रहा कि पराली जलाना समस्या का समाधान नहीं, बल्कि एक नई समस्या की शुरुआत है। हम सबका कर्तव्य है कि अपने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखें। अगर हम सब मिलकर कदम उठाएं, तो न केवल अपने गांव बल्कि पूरे देश को प्रदूषण से बचा सकते हैं, इसलिए हमें समझदारी दिखानी होगी। इस लघु नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने बताया कि पराली जलाना आज एक बड़ी समस्या बन गया है। जब हम पराली जलाते हैं, तो उससे निकलने वाला धुआं हवा को जहरीला बना देता है। यही धुआँ हमारे बच्चों के फेफड़ों में जाता है और उन्हें खांसी, दमा और एलर्जी जैसी बीमारियां देता है। सिर्फ इतना ही नहीं, पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है, बारिश का चक्र बिगड़ता है, और भविष्य की खेती कमजोर हो जाती है।



फतेहाबाद। गांव अयाल्की में ग्रामीणों को पराली न जलाने को लेकर जागरूक करते विद्यार्थी।

### मिलकर लें प्रतिज्ञा

विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि अगर आज हम यह नहीं रोकेंगे, तो कल हमारे बच्चों को शुद्ध हवा, साफ पानी और अच्छा भोजन नहीं मिलेगा, इसलिए हम सब मिलकर प्रतिज्ञा लें कि पराली नहीं जलाएंगे, बल्कि उसका सही उपयोग करेंगे। यही हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की असली गारंटी है। 'ना पराली जलाएंगे, ना जलाने देंगे, पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाएंगे, के नारों के बीच कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खबर संक्षेप

### नवंबर में जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना अनिवार्य

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार की हिदायतानुसार जिले के खजाना व उप खजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशन धारकों को 3 नवंबर से संबंधित खजाना कार्यालय व उप खजाना कार्यालय में जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना अनिवार्य है, ताकि नवंबर की पेंशन समय पर वितरित की जा सके।

### हेरोइन तस्करी मामले में युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा मुक्त अभियान क तहत भट्टूकलां पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक मामले में सप्लायर को गिरफ्तार किया है। भट्टू कलां थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि 6 सितंबर को पुलिस टीम ने चौपटा रोड स्थित रेलवे पुल के नीचे एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी।

### युवक पर हमले के मामले में दूसरा आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** खेत से लौट रहे युवक का रास्ता रोककर मारपीट करने के मामले में टोहाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि सुरेश कुमार पुत्र देवीदयाल निवासी प्रेम नगर, टोहाना ने 21 मार्च को थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20-21 मार्च की रात जब वह खेत से लौटकर घर जा रहा था, तभी कुछ अज्ञात बाइक सवार युवकों ने रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से सैनिक स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए कक्षा छठी व कक्षा नौवीं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्र विद्यार्थी 30 अक्टूबर तक इन कक्षाओं में दाखिले हेतु आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा का आयोजन जनवरी, 2026 को होगा।

### मोबाइल चोरी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फतेहाबाद।** मोबाइल चोरी के एक मामले में टोहाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि संदीप कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार, निवासी वार्ड नंबर 08, किला मोहल्ला, टोहाना ने 8 सितंबर को थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि रात्रि के समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर से मोबाइल चोरी कर लिया।

### बाइक चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।**मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि राकेश कुमार पुत्र मदन गोपाल, निवासी वार्ड नंबर 19, आर्य समाज मंदिर के सामने वाली गली, टोहाना ने 19 अक्टूबर को थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 अक्टूबर को उसकी बाइक चोरी हो गई है।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया दीपों का पर्व

# दीपावली पर दो दिन में व्यापार दोगुना बाजारों में 100 करोड़ की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दीपों के पर्व दीपावली का पर्व सोमवार और मंगलवार को दोनों दिन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने पूरा दिन बाजारों में घूमकर खरीददारी की व खान-पान का मजा लिया। खासकर ज्वैलर्स, बर्तनों की दुकानों, वाहनों के बड़े शोरूम पर काफी भीड़ दिखाई दी। गिफ्ट आईटमों की दुकानें भी ग्राहकों से अटी हुई थी। एक अनुमान के अनुसार दोनों दिन फतेहाबाद में करीब 100 करोड़ का कारोबार दीपावली पर हुआ है। ग्रीन पटाखों की मंजूरी व बारूदी पटाखों की सख्त हिदायत के बाद इस बार पटाखों का शोरगुल काफी ज्यादा रहा। दीपावली के दिन भोडियाखेड़ा स्थित पटाखों के गोदाम खाली नजर आए।

पिछले तीन दिनों से धनतेरस, छोटी दीपावली व दीपावली को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह था। दीपावली की शाम होते ही लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर जगमग रोशनी की। दीपावली के त्योहार पर शहर के विभिन्न मंदिरों पर विशेष सजावट की गई। मेन बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर, जीटी रोड स्थित श्री दुर्गा मंदिर, श्री रघुनाथ मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया था जिसमें देर रात तक श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचते देखे गए। दीपावली को लेकर काफी पहले से ही घर-आंगन, प्रतिष्ठान साफ-सुथरे किए गए वहीं घरों को रंगोली बनाकर सजा गया। बिजली की रंग-बिरंगी लडियों से भी घर-प्रतिष्ठान रोशन रहे। शहर में सोमवार को जहां काफी लोगों ने लक्ष्मी पूजन किया वहीं सिक्ख समाज के अधिकतर लोगों ने मंगलवार को दीपावली मनाई।



फतेहाबाद। दीपावली पर सजा श्री श्याम मंदिर।

### खूब बिकीं फूल मालाएं लाई-बताशे और मिठाइयां

दीपावली के दिन लोगों ने फूल, लाई-बताशे, सिंघाड़े, मिट्टी के दीये, मूर्तियों, मिठाई और पटाखों की दुकानों पर खरीदारी शुरू कर दी। मिठाइयों और सजावट के सामान खरीदने के लिए लोगों का विशेष रूझान दिखा। दीपावली की पूजा में कमल के फूलों का विशेष महत्व है इसलिए जगह-जगह कमल के फूल की दुकानें नजर आई। इस बार लोगों में दीये जलाने को लेकर भी उत्साह था, जिससे कुम्हार समाज के लोगों में भी खुशी का माहौल रहा।



### पूजा अर्चना के बाद की जमकर आतिशबाजी

शाम ढलते ही लोगों ने शुभ मुहूर्त में परंपरागत रूप से लक्ष्मी गणेश की पूजा कर जमकर आतिशबाजी की। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां और अन्य उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी। जीवन में सुख समृद्धि की कामना करते हुए लोगों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों में गणेश लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना की है, जिसके बाद देर रात तक लोगों ने आतिशबाजी की। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने भी दीपावली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। बच्चे हाथों में फुलझडियां लेकर जलाते रहे, साथ ही लोगों ने एक दूसरे को मिष्ठान भी वितरित किए।



फतेहाबाद। मनसागर धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

## ढिंगसरा के मनसागर धाम पर लगा मेला, हजारों लोगों ने मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भट्टू रोड पर गांव ढिंगसरा स्थित मनसागर धाम में मंगलवार को दीपावली के दिन मेले का आयोजन किया गया। मनसागर धाम में बाबा मनसा गिरी महाराज की समाधि पर लोगों ने झाड़ू, नमक व बताशे अर्पित कर मन्नतें मांगी। मेले में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व दूरदराज से भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने माथा टेका और मन्नते मांगी। फतेहाबाद के भट्टू रोड स्थित मनसागर धाम में मेले में इतनी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे कि पुलिस ने श्रद्धालुओं के वाहनों को 3 किलोमीटर पहले ही रोक दिया, जिस कारण श्रद्धालुओं ने 3 किलोमीटर पैदल चलकर धाम में माथा टेका और मन्नतें मांगी। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें व स्टाले मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही। खिलौनों की दुकानों, मिठाइयों, खाने पीने व मनिहारी की दुकानों पर काफी भीड़ लगी रही। लोगों ने मेले में खूब खरीदारी की। वहीं बच्चों ने झूलों का आंनद लिया। मेले में भंडारे का आयोजन भी किया गया था।

### मनसागर धाम में 24 घंटे जलती है ज्योत

कमेटी के सचिव ने बताया कि पिछले 11 वर्षों से इसके रखरखाव व आधुनिक रूप देने का उनका पूरा प्रयास है। उनका कहना है कि यहां लाखों श्रद्धालु दीपावली व होली पर आते हैं उन्हें कोई दिक्कत ना हो इसके लिए कमेटी 10 दिन पूर्व ही यहां हर सुविधा देने के लिए लग जाती है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां 24 घंटे धाम पर अखंड ज्योत जलती रहती है। अब एक हवन यज्ञ धुना का भी निर्माण किया गया है जिसमें 24 घंटे लगातार धुना जलता रहता है।

### माथा टेकने से चर्म रोग होते हैं ठीक

ऐसी मान्यता है कि यहां दर्शन करने व मत्था टेकने से चर्म रोग, मस्से, फोड़े-फंसी इत्यादि गंभीर से गंभीर बीमारियां ठीक हो जाती है। लगभग 4 एकड़ में पहले यह धाम धीरे धीरे धार्मिक आस्था का प्रतीक बनने के साथ-साथ पर्यटक स्थल के रूप में भी विकसित होता जा रहा है।

### पुलिस ने जरूरतमंदों संग मनाया त्योहार

**ओढां।** पुलिस ने दीपावली के अवसर पर जहां अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर कानून व्यवस्था को मजबूत किया, वहीं जरूरतमंदों के साथ खुशियां भी साझा कीं। डबवाली पुलिस ने सुरक्षा और सेवा दोनों मोर्चों पर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस ने हॉटस्पॉट क्षेत्रों में राइडर, पीसीआर और पैदल गश्त के माध्यम से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए ताकि नागरिक शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मना सकें। वहीं पुलिस महानिदेशक हरियाणा ओ.पी. सिंह की प्रेरणा से पुलिस ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंद परिवारों में दीपावली की खुशियां बांटी। थाना व चौकी प्रभारियों ने अनाथ आश्रमों, झुग्गी-झोपडियों और बेसहारा परिवारों में जाकर मिठाइयां, कपड़े और शुभकामनाएं दीं। महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक कमला देवी और थाना सदर प्रभारी ने शिव शक्ति अनाथ आश्रम में बच्चों के साथ दीपावली मनाई। ओढां थाना प्रभारी कमलेश रानी ने झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर मिठाइयां वितरित की।



### दीपों और आतिशबाजी से जगमगा उठा पूरा शहर



**सिरसा।** जिलाभर में सोमवार को दीपावली पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने दिनभर बाजारों में खरीददारी की। शाम होते ही घरों व दुकानों के बाहर जहां दीपक जगमगा उठे वहीं आसमान पटाखों व आतिशबाजी से जगमगा उठा। रात में लोगों ने लक्ष्मी जी का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। दीपावली पर्व पर शहर के रोडी बाजार, सूरतगढिया बाजार, मोहंता मार्केट, सदर बाजार, हिसारिया बाजार, चांदनी चौक बाजार आदि दुकानों पर जबरदस्त सजावट की गई थी। मिठाइयों की दुकानों पर दिनभर लोगों की भीड़ रही। इसके साथ ही ड्राई फ्रूट की दुकानों पर भी लोगों ने खरीददारी की। शहर के चौक चोराहों पर खिलौने वालों ने दीपावली की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। शहर में गिफ्ट आइटम, फलों व इलेक्ट्रोनिक्स की दुकानें भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। इसके साथ ही मोबाइल की दुकानों पर ग्राहकों की काफी भीड़ रही। शाम होते ही शहर की हर गली व दुकानों के आगे दीपक जगमगाने लगे। पूरा शहर रंगबिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। लोगों ने अपने घरों व दुकानों पर मां लक्ष्मी जी का पूजन किया। आधी रात तक पटाखों की आवाज सुनाई देती रही।

### एमएम कॉलेज में पुस्तक और दीवाली मेला आयोजित

**फतेहाबाद।** मनोहर मैमोरियल कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा एक जीवंत पुस्तक मेला-सह-दिवाली मेले का आयोजन किया, जो शिक्षा, रचनात्मकता और संस्कृति का एक अनूठा मिश्रण था। यह आयोजन केवल एक मेला ही नहीं, बल्कि ज्ञान और उत्सव का एक आनंदमय उत्सव था। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर एमएम एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष राजीव बत्रा ने भाग लिया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में में राजेश कुमार, नीलम बत्रा और सुदर्शन बत्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएम कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा मखीजा के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में आयोजित इस मेले में विभिन्न पुस्तक स्टॉलों के अलावा खाद्य स्टॉल और खेल स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें छात्रों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जीवंत वातावरण में एकजुटता और उत्सव की भावना झलक रही थी। छात्रों ने मेले में सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यक्रम के हर पल का आनंद लिया।



## भूना में तमन्ना ब्यूटी पार्लर व बुटीक जलकर राख, लाखों का हुआ नुकसान

- जत्थेदार प्रताप सिंह कैरों मार्केट में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

शहर के बीचोंबीच शहीद उधम सिंह चौक के पास स्थित जत्थेदार प्रताप सिंह कैरों मार्केट में मंगलवार अलसुबह भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आगजनी की यह घटना तमन्ना ब्यूटी पार्लर एवं बुटीक में हुई, जहां आग ने कुछ ही पलों में भीषण रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में करीब 10 लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। दुकान से धुआं और आग की लपटें निकलती देख स्थानीय लोगों ने तुरंत दुकान संचालिका तमन्ना कंबोज और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही तमन्ना मौके पर पहुंचीं। थोड़ी देर में फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।




भूना। आग की भेंट चढ़ा ब्यूटी पार्लर।

### करंट लगने से युवा किसान की मौत


**फतेहाबाद।** जिले के जाखल खंड के गांव उदयपुर में दीपावली की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब खेत में काम कर रहे एक युवा किसान की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक किसान की पहचान 36 वर्षीय शेर सिंह के रूप में हुई है। मृतक विवाहित था और उसके दो बच्चे भी है, जिसमें एक लडक़ी उम्र लगभग 8 वर्ष और एक लडक़ा उम्र लगभग 6 वर्ष शामिल हैं। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज करके शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उनको सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, शेर सिंह गांव उदयपुर में डेढ़ एकड़ में फसल उगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। घटना दीपावली दोपहर की है, जब शेर सिंह अपने खेत में कंबाइन से धान की फसल कटवा रहा था।

## अमावस पर श्रद्धालुओं ने गुरूद्वारा झाड़ साहिब के पवित्र सरोवर में लगाई डूबकी

- रतिया रोड पर स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रतिया रोड पर स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री झाड़ साहिब में कार्तिक अमावस्या पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन अखण्ड पाठ का भोग डाला गया। गुरूद्वारे के पवित्र सरोवर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने डूबकी लगाई और गुरू ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाया। गुरूद्वारे में पूरा दिन श्रद्धालुओं के लिए लंगर चलता रहा। कार्यक्रम को लेकर गुरूद्वारे के बाहर सामान की भी काफी स्टालें लगी हुई थी, जहां लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। बता दें कि हर वर्ष दिवाली का पर्व कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है और इस दिन सुख समृद्धि और वैभव के लिए महालक्ष्मी और गणेशजी की पूजा अर्चना की जाती है। दिवाली के दिन सोमवती अमावस्या का होना बहुत शुभ माना गया है।



फतेहाबाद। गुरूद्वारा झाड़ साहिब में पूजा करते श्रद्धालु।

### सिरसा: पराली जलाने की बजाय खेत में मिलाएं

**सिरसा।** उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह ने मंगलवार को कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीमों द्वारा जिला में लगातार किसानों को पराली न जलाकर पर्यावरण संरक्षण में अतुलनीय योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। टीम द्वारा जागरूक किया जा रहा है कि किसान पराली का प्रबंधन कर अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त कर सकते हैं। सरकार द्वारा भी पराली प्रबंधन पर 1200 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इससे अतिरिक्त आमदनी के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग मिलेगा। मंगलवार को विभाग की विभिन्न टीमों ने जिला के गांव देसू मलकाना, केलनियां, जोधकां, मल्लेकां, मोजुखेड़ा, फतेहपुरिया, दारेवाला, गंगा आदि में जाकर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन में योगदान के लिए प्रेरित किया। डीडीए डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार पराली प्रबंधन के लिए 1200 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जा रहा है, बहुत से किसान पराली प्रबंधन कर रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

### पिछले साल से 70 फीसदी कम जली पराली, हरसेक ने भेजी 4 लोकेशन

# दीपावली पर प्रदूषण ने किया बेहाल, एक्यूआई 270 के स्तर पर पहुंचा

### पराली जलाने पर किसानों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दीपावली के पर्व पर आतिशबाजी के चलते प्रदूषण का स्तर 270 का खतरनाक लेवल क्रास कर गया। इस साल किसानों ने पराली तो जलाई। कृषि विभाग को हरसेक से पराली जलने की 4 लोकेशन प्राप्त हुई जो इस बार पराली जलाने के मामले पिछले साल से 70 प्रतिशत कम है। अधिकारी दीवाली मना रहे थे और किसान पराली जला रहे थे। हरसेक ने कृषि विभाग को भेजी रिपोर्ट में दीपावली के दिन 4 व उससे पूर्व धनतेरस पर 2 लोकेशन भेजी हैं। दीपावली की रात के बाद मंगलवार सुबह एक्यूआई 270 के पार जा पहुंचा। हालांकि बादलवाही के हवा चलने से यह घटकर 220 के आसपास बना हुआ है, यह भी काफी अनहेल्दी की श्रेणी में ही आता है। धान कटाई का कार्य अभी भी जारी है। दीवाली के दिन यानी 20 अक्टूबर को जिले में पराली जलने की 4 नई लोकेशन हरसेक को मिली हैं। फतेहाबाद जिले में अब तक फायर की 5 से ज्यादा लोकेशन प्रशासन को मिली है, जिसके आधार पर किसानों को नोटिस जारी किए गए हैं। कृषि विभाग अब तक पराली जलाने पर एक किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा चुका है जबकि दो किसानों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी जा चुकी है जबकि दो मामले अभी अंडर प्रोसेस है। एक लोकेशन पर आग पराली में न लगी होकर गन्ने के खेत में लगी पाई गई। कृषि विभाग का मानना है कि किसी आते-जाते राहगीर के बीड़ी-सिगरेट फैंकने से यह आग लगी हो सकती है। अभी तक पराली जलाने के मामले में पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। बता दें कि सरकार के निर्देश पर बीते साल दीपावली तक 36 किसानों के नाम मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रेड एंट्री में डाल दिए गए थे। इससे इन किसानों को यह नुकसान हुआ कि सरकार अगले 2 साल तक इन किसानों की फसल एमएसपी पर नहीं खरीद रही है।



फतेहाबाद। खेतों में पराली जलने से उठता जहरीला धुंआ।

### दिनभर आसमान में छाया रहा स्मॉग

फतेहाबाद में काफी साल भी वायु प्रदूषण बेहद खराब स्तर तक जा पहुंचा था। एक्यूआई 600 से भी ऊपर चला गया था। इस बार भी दीवाली पर हालात बेहद खतरनाक रहे। दीपावली पर पराली जलने और आतिशबाजी के कारण यहां का मैक्सिमम एक्यूआई 270 के पार जा पहुंचा। वायु प्रदूषण के कारण लोगों की आंखों में जलन की शिकायतें बढ़ी वहीं सांस के मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दीवाली के अगले दिन मंगलवार को भी दिनभर आसमान में स्मॉग छाया रहा और एक्यूआई खतरनाक स्तर पर बना रहा।